डबल इंजन सरकार में विकास और प्रगति की आंधी आई : सिंधिया

▶ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया

रमाकांत मिश्रा

दतिया, 24 जुलाई। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्रों बड़ौनी, जिगना, निचरोली, चकरासागर और गोविंद नगर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में विकास और प्रगति की आंधी आई है। कांग्रेस ने देश की सत्ता पर 70 वर्षों तक और प्रदेश में भी लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने विकास के कार्य कभी नहीं कराए। जो जनता का अधिकार था उसे कांग्रेस के नेताओं ने छीनने का काम किया। भाजपा ने दतिया उपचुनाव में पार्टी और संगठन के लिए हमेशा समर्पित रहने वाले कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस बार हमें कोई गलती नहीं करनी है और विकास के लिए भाजपा के कमल पर ही बटन दबाकर विजयी बनाना है।

हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई

सिंधिया ने कहा कि भाजपा की सरकार में हर वर्ग के लिए योजनाएं बनीं और इन योजनाओं से हर वर्ग के जीवन में खुशहाली आई है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, किसान, गरीबों सहित अन्य सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनाई गईं। कांग्रेस ने 65 वर्षों में सिर्फ तीन करोड़ देशवासियों को आवास दिए, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में 4 करोड़ लोगों को आवास दिए और अगले 10 वर्षों के लिए 10 करोड़ लोगों को आवास देने का लक्ष्य रखा है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव अभियान सह प्रमुख रणवीर सिंह जाटव, विधायक प्रीतम लोधी, महेंद्र सिंह यादव, पवन पहारिया, पूर्व विधायक श्रीमती इमरती देवी, कमलेश अहिरवार, भरत राजौरिया, अतुल चौधरी, किशनलाल कुशवाह, संजय भार्गव, मनमोहन चौबे, जसवंत जाटव, अरुण चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

जनता पर जब भी आपदाएं आईं, सिंधिया परिवार पहले पहुंचा

सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का हमेशा से दतिया के लोगों के साथ परिवार का रिश्ता रहा है। आज भी मैं केंद्रीय मंत्री के नाते नहीं, बल्कि परिवार के एक सदस्य के नाते अपनों के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि जब भी दतिया के लोगों पर कोई आपदाएं आईं तो सबसे पहले सिंधिया परिवार उनके पास पहुंचा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी भी मौजूद रहे। सभाओं को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद श्रीमती संध्या राय, जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह एवं विधायक प्रीतम लोधी ने भी संबोधित किया।

भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं : घनश्याम सिंह

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, भाजपा भारतीय संविधान को खत्म करना चाहती हैं जब भी भाजपा केंद्र में ज्यादा बहुमत से आएगी, संविधान को खत्म करेगी, हमें बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस को जिताना होगा। तीसरी पार्टी केवल वोट कटुआ पार्टी है, इसे वोट देने से जनता का कोई फायदा नहीं होने वाला, यह वोट काटने के लिए चुनाव में खड़े होते हैं। यह बातें दतिया विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने शुक्रवार को मतदाताओं से घर-घर जनसंपर्क कर ग्राम लोई बड़ौनी, नीवारी, बड़ौनी नगर आदि में व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को दतिया में कोई जानता नही, उनके कार्य ब्यौहार से भी कोई परिचित नहीं हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी आपके जांचें परखे हैं, दो बार आपके सहयोग समर्थन से विधायक रहे हैं, उनके दरबाजे हमेशा जनता के लिए खुले है। आप सभी एकजुट होकर कांग्रेस को भारी बहुमत से बिजयी बनाए।

वरिष्ठ नेता अवधेश नायक ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह आपके सहयोग व समर्थन से पहले भी दो बार विधायक रह चुके हैं, आप सब इनके कार्य व्योहार से अच्छी तरह परिचित हैं। आप सभी मिलकर कांग्रेस को विजयी बनाएं।

एसीई की बेनामी संपत्ति जांच में 17 करोड़ का आंकड़ा पार

इंदौर, 24 जुलाई. एडिशनल चीफ इंजीनियर (एसीई) शिवराम सेमिल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त की जांच आगे बढ़ने के साथ संपत्तियों का आंकड़ा बढ़कर 17.12 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है. पहले चरण की कार्रवाई में सामने आई संपत्तियों के बाद अब जांच एजेंसी ने बैंक खातों, एफडी, निवेश और मुरैना स्थित संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल शुरू कर दी है. लोकायुक्त पुलिस की जांच में सेमिल, उनके परिवार और उनसे जुड़ी फर्मों के नाम से संचालित 25 बैंक खातों की जानकारी सामने आई है. इनमें एसबीआई और आईडीबीआई बैंक के खाते शामिल हैं.

एक नजर में

पहूज नदी अंतरराज्यीय सीमा पर वाहनों की सघन जांच जारी

दतिया, 24 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उनाव थाना क्षेत्र अंतर्गत पहूज नदी स्थित मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश अंतरराज्यीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया गया है। सीमा पर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी रखी जा रही है। सीमा से होकर गुजरने वाले प्रत्येक छोटे-बड़े वाहन की बारीकी से तलाशी ली जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों, नकदी, शराब एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री की विशेष जांच की जा रही है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने वाले तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। प्रशासन का कहना है कि आदर्श आचार संहिता के दौरान यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जा रही जांच में सभी नागरिक सहयोग करें।

चौकिंग के दौरान सोने-चांदी के आभूषण जब्त

दतिया, 24 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एफएसटी टीम द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस बसई चैकिंग पाईट पर चैकिंग के दौरान एसएसटी दल को वाहन क्रमांक एमपी 07 जेडी 5432 से सुनील सोनी से 1685 ग्राम चांदी के आभूषण (इस्तमाली) एवं 8.5 ग्राम सोने के आभूषण (इस्तमाली) जप्त किये गए। जब्त आभूषण के संबंध में कोई प्रमाणिक दस्तावेज संबंधित व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत नहीं किए है। उक्त आभूषणें की जप्ती कर जिला कोषालय दतिया में सुरक्षार्थ जमा कराया गय है।

शास. पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित

दतिया, 24 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दतिया में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मॉक पोल, मतदाता की पहचान, मतदान सामग्री के उपयोग, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति तथा मतदान समाप्ति के उपरांत की जाने वाली समस्त कार्यवाहियों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान मतदान दलों को विभिन्न परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का अभ्यास भी कराया गया तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। देश भर में गरमाए नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी आंदोलन की गूंज अब दतिया में भी साफ दिखाई देने लगी है। शुक्रवार की देर शाम दतिया राजगढ़ चौराहे पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एकत्रित हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में सेव एजुकेशन और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो जैसे तख्तियां और पोस्टर लिए युवाओं ने केंद्र सरकार व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली के जंतर-मंतर से उठी इस छात्र आक्रोश की लहर ने अब दतिया के उपचुनाव में भी जंतर-मंतर मॉडल की एंट्री करा दी है।

आगामी उप-चुनाव के माहौल के बीच छात्रों के इस उग्र प्रदर्शन ने राजनीतिक सरगर्मी और प्रशासनिक हलचल बढ़ा दी है।

आज निकलेगी सूर्य बालाजी महाराज की रथयात्रा

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। उनाव जहां श्रद्धा होती है, वहां परंपराएं जीवंत रहती हैं और जहां आस्था का दीप प्रज्वलित होता है, वहां संस्कृति की विरासत पीढ़ियों तक प्रकाश फैलाती है। ऐसी ही सनातन आस्था और धार्मिक परंपरा का अद्भुत संगम आज बुंदेलखंड की पावन धरा उनाव में देखने को मिलेगा। प्राचीन सूर्य मंदिर में विराजमान भगवान सूर्य बालाजी महाराज की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में निकाली जाएगी।

उनाव स्थित सूर्य मंदिर प्राचीन काल से ही सूर्य उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है। मान्यता है कि यहां भगवान सूर्य देव बालाजी महाराज के स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। मंदिर की धार्मिक महत्ता इतनी व्यापक है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। सूर्य देव को सनातन परंपरा में जीवन, ऊर्जा, प्रकाश और आरोग्य का प्रतीक माना गया है। भारतीय संस्कृति में सूर्य उपासना का विशेष स्थान रहा है। ऋषि-मुनियों से लेकर सामान्य जन तक सूर्य को प्रत्यक्ष देवता मानकर नमन करते आए हैं। उनाव का सूर्य मंदिर इसी प्राचीन परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।

आज भगवान सूर्य बालाजी महाराज भव्य एवं आकर्षक रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। निर्धारित मार्ग से निकलने वाली इस दिव्य यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। रथयात्रा मार्ग पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा, पूजा-अर्चना एवं स्वागत किया जाएगा। भगवान का नगर भ्रमण भक्त और भगवान के बीच आत्मीय संबंध का प्रतीक माना जाता है। यह वह अवसर होता है जब मंदिर की सीमाओं से निकलकर स्वयं आराध्य देव अपने भक्तों के द्वार तक पहुंचते हैं।

सीईओ जिला पंचायत ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

दतिया, 24 जुलाई। दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल ने शुक्रवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरता एवं पूर्ण निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत श्री तेम्रवाल ने सीतापुर एवं डोंगरपुर स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ से मतदान केन्द्रों की तैयारियों, मतदाता सूची, मूलभूत सुविधाओं तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएंए जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।

सामाजिक समरसता की शिक्षा दे रहे हैं सरस्वती शिशु मन्दिर : दीबोलिया

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति दतिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर सोहन,देभई एवं भगुवापुरा में प्रांतीय सह सचिव मनोज दीबोलिया ने प्रवास किया। भैया बहनों एवं आचार्य परिवार को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय सामाजिक समरसता, एकता, स्वच्छता और संस्कार युक्त शिक्षा देने का सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं।

छात्रों को भैया बहिन और शिक्षक को आचार्य दीदी कहकर संबोधित किया जाता है, जिससे पारिवारिक भावना का विकास होना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि आप यहां से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे भी अच्छी पढ़ाई करें। और आवश्यकता पड़ने पर अपने विद्यालय का यथाशक्ति सहयोग करने में हमेशा आगे रहें। अपने या आसपास के छोटे-छोटे भैया बहनों को सरस्वती शिशु मन्दिर में प्रवेश दिलाएं।

जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि अपनी कक्षा में हमेशा आगे रहें। और जितने छात्र बोर्ड परीक्षा (5-8) में अपने विद्यालय, संकुल, विकासखण्ड और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे उनको विद्यालय और जिला द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संकुल प्रमुख रामप्रसाद राठौर, अरविन्द दुबे, संयोजक रामसेवक सोनी, प्रधानाचार्य नंदराम बघेल विद्यालय के आचार्य - दीदी और भैया बहिन उपस्थित रहे।

पांच पर जिला बदर की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। दतिया जिले में होने वाले विधानसभा उप निर्वाचन 2026 को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा पांच व्यक्तियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है।

जला मजिस्ट्रेट द्वारा अनावेदक रोहित उर्फभूरे यादव पुत्र आजाद यादव निवासी ग्राम बिड़निया थाना सिविल लाईन, भूरे उर्फ आजाद खान पुत्र अन्नू उर्फ अनवर निवासी काजीपाठ भाण्ड़ेर थाना भाण्ड़ेर, कुक्कू उर्फभगवत गुर्जर पुत्र शिशुपाल गुर्जर निवासी ग्राम सेरसा थाना उनाव, आकाश जाटव पुत्र नारायण जाटव निवासी करन सागर के पास थाना सिविल लाईन, संजय यादव पुत्र गोदन यादव निवासी ग्राम सेमाहा थाना गोंदन को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा 3 की सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक को एक-एक माह तक कालावधि के लिए जिला दतिया एवं उससे लगे अन्य जिले शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड़ जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्कासान आदेश जारी किया है।

साथ ही आदेश किया कि उक्त प्रतिबंधित जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाने की सुनिश्चिता हेतु अनावेदक प्रत्येक माह निष्कासन अवधि में अपने निवास के स्पष्ट डाक पता की सूचना संबंधित थाना को डाक या अन्य माध्यम से भेजेगा।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर कल

दतिया, 24 जुलाई। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट द्वारा प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के अंतर्गत इस माह रविवार, 26 जुलाई को बस स्टैंड स्थित पंचायत भवन, उनाव में प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की नि:शुल्क जांच, परामर्श तथा आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। मोतियाबिंद अथवा अन्य जटिल नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को आगे के उपचार हेतु सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट भेजा जाएगा। चिकित्सकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे मौसम संबंधी भ्रांतियों में न पड़ें और आंखों की रोशनी कम होने, धुंधला दिखाई देने या मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई देने पर उपचार में विलंब न करें। समय पर उपचार से दृष्टि सुरक्षित रहती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने तथा अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी इस जनहितकारी सेवा की जानकारी देकर शिविर तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

सिंहस्थ 2028 : देशभर से 20 हजार प्रशिक्षित वॉलिंटियर्स होंगे तैयार

उज्जैन, 24 जुलाई. आगामी सिंहस्थ-2028 में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में 20 हजार प्रशिक्षित स्वयंसेवक तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. इसी क्रम में उज्जैन में 'सिंहस्थ सारथी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में उज्जैन के पुलिस सामुदायिक भवन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सिंहस्थ महापर्व के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के सहयोगी के रूप में कार्य करने वाले स्वयंसेवकों तथा एनआरएस सदस्यों को व्यवहारिक, तकनीकी, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्य के लिए प्रशिक्षित करना है. प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि उज्जैन जिले में पांच हजार स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा. पहले चरण में लगभग 1,800 स्वयंसेवकों एवं एनआरएस सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जबकि शेष प्रतिभागियों को आगामी चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा.

भांडेर में सफाई व्यवस्था ठप

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 19वें दिन भी जारी

▶ नगर में जगह-जगह कचरे के ढेर, बदबू और मच्छरों से बढ़ी लोगों की परेशानी, बीमारियों का खतरा गहराया

नवभारत न्यूज

दतिया, 24 जुलाई। नगर परिषद भांडेर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 19वें दिन भी जारी रही, जबकि नियमित सफाई कर्मचारी भी 18 जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। दोनों वर्गों के कर्मचारियों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने से पूरे नगर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। नगर के प्रमुख बाजारों, वार्डों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के मुख्य मार्गों सहित मोहल्लों में कई दिनों से कचरा नहीं उठाया गया है। बारिश के मौसम में कचरे के ढेरों से तेज दुर्गंध उठ रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। सड़कों पर फैला कचरा राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना हुआ है। कई स्थानों पर कचरा नालियों में जमा होने से जल निकासी भी प्रभावित हो रही है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बाजारों में दुकानों के सामने कचरा जमा होने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। वहीं घरों से निकलने वाला कचरा भी समय पर नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोग मजबूरी में खाली स्थानों और सड़क किनारे कचरा डाल रहे हैं। इससे पूरे नगर का वातावरण दूषित होता जा रहा है। बरसात के चलते कचरे के ढेरों में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि लोगों का घरों के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

15 सितंबर से चलेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

रानी कमलापति होकर कराएगी पुरी, गंगासागर, काशी और रामलला के दर्शन

नवभारत न्यूज

भोपाल, 24 जुलाई. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) 15 सितंबर 2026 से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करेगा. यह विशेष ट्रेन इंदौर से रवाना होकर रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी, जबलपुर सहित मध्यप्रदेश के प्रमुख स्टेशनों से यात्रियों को लेकर पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी और अयोध्या (रामलला दर्शन) की 10 रात और 11 दिन की धार्मिक यात्रा कराएगी.

यात्रा के लिए स्लीपर श्रेणी का किराया 19,600 रुपये, 3 एसी का 31,850 रुपये और 2 एसी का 41,900 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है. पैकेज में एलएचबी कोच से रेल यात्रा, भोजन, आवास, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, बस परिवहन, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं. इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट या अधिकृत

हिसार-तिरुपति साप्ताहिक एक्सप्रेस अब नियमित नम्बर से चलेगी

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिसार-तिरुपति-हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस को स्पेशल ट्रेन से नियमित ट्रेन का दर्जा दे दिया है. अब यह ट्रेन 14723/14724 नंबर से संचालित होगी. 25 जुलाई 2026 से हिसार-तिरुपति और 27 जुलाई 2026 से तिरुपति-हिसार दिशा में नियमित सेवा शुरू होगी. ट्रेन का ठहराव संत हिरदाराम नगर, भोपाल और इटारसी सहित प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा. इसमें एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी सहित कुल 23 कोच उपलब्ध रहेंगे.